राजस्थान सरकार

स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक के पास सी. स्कीम, जयपुर 302005
दूरभाष नं0 0141–2226722, वेबसाईट www.cmar-india.org ई–मेल dlbrajasthan@gmail.com

क्रमांक एफ 2(घ)(निल.)आरएमएस(जांच)/डीएलबी/19/1389 दिनांक : 28/5/19

आदेश

पुलिस अधीक्षक–प्रथम, कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर के पत्र कमांक भ्रनिब/अशा/3/2019/1021–23 दिनांक 25.05.19 के अनुसार, श्री विनयपाल सिंह, आयुक्त, नगर परिषद, झुन्झुनू द्वारा परिवादी श्री आरिफ, निवासी वार्ड नं. 14, बाकरा रोड, हासमी नगर, झुन्झुनू से रू. 1,00,000/–(अक्षरे एक लाख रूपये) बतौर रिश्वत प्राप्त करने पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर नगर द्वितीय, जयपुर द्वारा दिनांक 24.05.19 को रंगे हाथों गिरफतार किया जा कर न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया है। ब्यूरो द्वारा इनके विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 133/2019 पंजीबद्ध की गयी है।

उपरोक्तानुसार प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, चूंकि आरोपी श्री विनयपाल सिंह 48 घण्टे से अधिक अवधि के लिए न्यायिक अभिरक्षा में रहे हैं, अतः भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान जयपुर द्वारा निलम्बन एवं इनके मुख्यालय परिवर्तन हेतु की गयी अनुशंषा दिनांक 25.05.19 को दृष्टिगत रखते हुए, कार्मिक(क–3) विभाग के परिपत्र कमांक प.2 (157)कार्मिक/क–3/97 जयपुर, दिनांक 07 जुलाई, 2010 में दिये गये निर्देशों एव राजस्थान सेवा (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम–13 के अन्तर्गत किये गये प्रावधानों में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री विनयपाल सिंह, आयुक्त, नगर परिषद, झुन्झुनू को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा न्यायिक अभिरक्षा में लेने की दिनांक 24.05.19 से ही एतद् द्वारा निलम्बित किया जाता है।

निलम्बन काल में इन का मुख्यालय निदेशालय में रहेगा तथा इनको नियमानुसार देय जीवन निर्वाह भत्ते का भुगतान नगर परिषद, झुन्झुनूं से किया जावेगा।

(पवन अरोडा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांक एफ 2(घ)(निल.)आरएमएस(जांच)/डीएलबी/19/1390-1399 दिनांक : 28/5/19
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. जिला कलेक्टर, झुन्झुनूं।
2. पुलिस अधीक्षक–प्रथम, कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर को उनके पत्र कमांक भ्रनिब/अशा/3/2019/1021–23 दिनांक 25.05.19 के कम में प्रेषित है।
3. क्षेत्रीय उप निदेशक, स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर।
4. सभापति/आयुक्त, नगर परिषद, झुन्झुनूं।
5. श्री विनयपाल सिंह, जरिये नगर परिषद, झुन्झुनूं।
6. उप निदेशक–आईटी, निदेशालय को विभाग की वैबसाईट पर अपलोड हेतु।
7. संस्थापन अनुभाग–आरएमएस, निदेशालय/महा. निदेशक (सतर्कता) निदेशालय
8. सुरक्षित पत्रावली।

(सुनील भाटी)
अतिरिक्त निदेशक